

नवभारत 03
इंदौर, गुरुवार, 21 मई, 2026

## एक नजर में

### केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर टांडा में मेडिकल बंद रहे

**टांडा ( निप्र )** । ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगीस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर पूरे भारत के मेडिकल व्यवसाई ने अपनी मांगो के लेकर एक दिवसीय हड़ताल कर अपना व्यवसाय बंद रखा धार जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डा अशोक शास्त्री सचिव आशीष बांगर कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपिका गणेश मालवीय के निर्देश पर पूरे धार जिले के साथ टांडा में भी मेडिकल बंद रहे मेडिकल बंद रहने से टांडा के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा समुचित प्रचार प्रसार के कारण नगर वासियों ने तो आवश्यक दवाई तथा रोज लगने वाली दवाई पूर्व में ही लेकर रख ली थी । नगर के मेडिकल व्यवसाईयो ने ग्रामीणों की परेशानी पर खेद व्यक्त किया तथा सरकार से केमिस्ट एसोसिएशन की सभी मांगों पर शीघ्र फेसला लेने का अनुरोध किया ।

### कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**धार।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सौहार्द और सुदृढ़ कानून व्यवस्था को बनाए रखना था। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने कहा कि जिला हमेशा से ही आपसी सद्भाव और शांति का प्रतीक रहा है। आगामी त्योहारों और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से समाज में सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहयोग की अपील की। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ।बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी जिले में शांति और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कई व्यावहारिक एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए।

कलेक्टर और एसपी ने सदस्यों द्वारा दिए गए सभी रचनात्मक सुझावों का स्वागत किया और उन्हें प्रशासनिक व्यवस्थाओं में शामिल करने का भरोसा दिलाया। पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा ने कानून व्यवस्था को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी देते हुए विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी व्यक्ति बिना पुष्टि के भ्रामक जानकारी, अफवाहें या उत्तेजक संदेश सोशल मीडिया पर प्रसारित न करे। इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की निरंतर निगरानी की जा रही है, और अफवाह फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रशासन को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग देने की बात कही ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा सहित शांति समिति के सम्मानित सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### धार जिला सीएम हेल्पलाइन (वित्त विभाग) में प्रदेश के टॉप 10 में- नालछा और पीथमपुर विकासखंड की संयुक्त बीएलबीसी बैठक संपन्न

धार, 20 मई 2026। अग्रणी जिला बैंक (लीड बैंक) के तत्वावधान में आज विकास भवन पीथमपुर में विकासखंड नालछा और पीथमपुर की संयुक्त ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक श्री बलराम बैरागी ने सभी आगंतुक अधिकारियों और बैंकर्स का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि साझा करते हुए बताया कि सीएम हेल्पलाइन के वित्त विभाग (लीड बैंक) के प्रकरणों के निराकरण में धार जिला पूरे मध्य प्रदेश में टॉप 10 में शामिल है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्होंने सभी विभागों और बैंकर्स के बेहतर समन्वय और उत्कृष्ट कार्य प्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया ।बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न सरकारी पोर्टल्स पर प्राप्त हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदनों की समीक्षा की गई। एलडीएम श्री बैरागी ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, टंट्या मामा योजना, भगवान बिरसा मुंडा योजना सहित डेयरी और मछली पालन केसीसी के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में प्राप्त करें ।इस अवसर पर नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक श्रीमती सौदामिनी माईणकर ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना की विस्तृत जानकारी साझा की और चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों को गति देने का अनुरोध किया। वहीं महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने एमएसएमई प्रोत्साहन योजना और अन्य स्वरोजगार योजनाओं के चालू वर्ष के प्रकरणों को तत्काल स्वीकृति प्रदान करने पर जोर दिया ताकि समय पर लक्ष्य पूरे हो सकें। एनआरएलएम प्रतिनिधि ने भी आजीविका मिशन के तहत बैंकरों से मुद्रा ऋण आवेदनों को प्राथमिकता से स्वीकृत करने की बात कही ।बैठक के अंतिम चरण में आरसेटी के निदेशक श्री कालीचरण सेमें ने आगामी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके साथ ही, सीएफएल प्रतिनिधि ने वित्तीय साक्षरता गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार सभी विकास खंडों में साइबर धोखाधड़ी से बचाव के लिए %मेगा कैंप% आयोजित करना प्रस्तावित है। बैठक में विभिन्न विभागों के विकासखंड प्रभारी, जिला अधिकारी और सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

### धार में 23 मई को लगेगा विशेष आधार शिविर आज और कल को बांटे जाएंगे टोकन

**धार ।** डाक विभाग द्वारा आमजन को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत प्रधान डाकघर धार के आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवा केंद्र पर आगामी 23 मई 2026 (शनिवार) को एक विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। पोस्ट मास्टर, प्रधान डाकघर धार ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से नागरिकों को आधार से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी।?इस एक दिवसीय शिविर में नए पंजीकरण (ह्वद्व2 श्वठ्ठह्म्श्यद्यद्वद्गठ्ठह्ल), नाम, पता व जन्म तिथि में त्रुटि सुधार (ष्टश्रह्म्ह्म्द्गष्ह्लद्बश्रठ्ठ), बायोमेट्रिक अपडेट (फोटो, फिंगरप्रिंट और आइरिस डेटा) तथा आधार के साथ नया मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी लिंक कराने जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ?शिविर के दौरान सुचारू व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुविधा के लिए 21 मई और 22 मई 2026 को टोकन वितरित किए जाएंगे। धार क्षेत्र के सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे समय पर अपना टोकन प्राप्त कर इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। नागरिक शिविर में आते समय अपने साथ आवश्यक मूल दस्तावेज (*Original Documents*) लाना न भूलें।

### सड़कों पर दौड़ रही थीं खतरे की बसें

इंदौर. इंदौर में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है. मंगलवार को आरटीओ और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने स्टार चौराहे पर अनफिट और बिना परमिट चल रही बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया. जांच के दौरान कई बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी उजागर हुई. कार्रवाई के दौरान लोक परिवहन वाहनों, खासकर ऑल इंडिया टूरिस्ट बसों की जांच की गई. टीम ने बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम और आपातकालीन निकास व्यवस्था को परखा. कई बसों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए गए, जबकि फायर एक्सटिंग्विशर जांच के दौरान खराब निकले और चालू ही नहीं हुए.

# मांडव में भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग शुरू

- सात सत्रों में संगठन और विचारधारा पर किया मंथन
- भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है : मोघे

**सोनू यादव**

**मांडू.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी धार के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का बुधवार को ऐतिहासिक नगरी मांडव जेएमडी होटल में विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन सात अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां, गरीब कल्याण योजनाएं तथा कार्यकर्ता विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री कृष्ण मुरारी मोघे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती संभाग प्रशिक्षण प्रभारी दिलीप पटोंदिया, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी नानूराम कुमावत, जिला संगठन प्रभारी सुभाष कोठारी, धार विधायक नीना वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव तथा पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन व वंदेमातरम के साथ हुआ।

स्वागत उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं और पार्टी को प्रत्येक बूथ पर मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को कार्यकर्ताओं के लिए वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से उपयोगी बताया। भाजपा का संगठन निरंतर प्रशिक्षण और अनुशासन के बल पर आगे बढ़ रहा है। मुख्य वक्ता कृष्ण मुरारी मोघे ने हमारा सैद्धान्तिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति से घबराई राष्ट्रविरोधी ताकतें देश में सामाजिक एवं आर्थिक अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन भाजपा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है ।मोघे ने एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद तथा भाजपा की पंचनिष्ठाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प से प्रेरित संगठन है।





### महामंडलेश्वर नरसिंहदास महाराज ने किया उद्घाटन

जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि सुबह 10 बजे मांडू श्रीराम मंदिर जी के महंत महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती,पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा संगठन जिला प्रभारी सुभाष कोठारी,पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी प्रदर्शनी टोली संयोजक दीपक बिड़कर ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में भाजपा के संस्थापकों व पितृपुरुषों के चित्र लगाए गए थे। साथ ही धारनाथ लोक मेडिकल कॉलेज रेलवे स्टेशन के हो रहे विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। संपूर्ण प्रशिक्षण वर्ग का संचालन भाजपा जिला महामंत्री एवं प्रशिक्षण सत्र संयोजक राकेश पटेल ने व सभी सत्रों में वर्ग गीत अक्षय शर्मा ने लिया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व सहमीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में धार के मेडिकल स्टोर बंद

**धार।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बुधवार को जिलेभर में दवा कारोबार पूरी तरह ठप रहा। ऑनलाइन दवा बिक्री और बड़े कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही भारी छूट के विरोध में जिले के 1550 से अधिक केमिस्टों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। इस एक दिवसीय हड़ताल का व्यापक असर शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक साफ देखने को मिला। केमिस्टों के इस आंदोलन को चिकित्सा क्षेत्र से भी समर्थन मिला।

विरोध के चलते जिले के निजी नर्सिंग होम की नियमित ओपीडी (ह्रक्कष्ठ) पूरी तरह बंद रही। हालांकि, राहत की बात यह रही कि अस्पतालों में इमरजेंसी (आपातकालीन) सेवाएं सुचारू रूप से चालू रखी गईं, जिससे गंभीर मरीजों को किसी बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।




**इन प्रमुख मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई**

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री, सचिव आशीष बांगर ने बताया कि यह आंदोलन छोटे व्यापारियों के अस्तित्व को बचाने के लिए है। ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए। कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे भारी डिस्काउंट पर नियंत्रण किया जाए। बाजार में नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर सरकार सख्त कार्रवाई करे। जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री ने ऑनलाइन दवा व्यापार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ऑनलाइन और बड़े कॉर्पोरेट डिस्काउंट के कारण छोटे और पारंपरिक कारोबारियों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मेडिकल व्यवसाय को खत्म करने की सोची-समझी कोशिश की जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ऑनलाइन माध्यमों से इन दिनों बाजार में नींद की दवाइयों (स्लीपिंग पिल्स) का दुरुपयोग बेहद बढ़ गया है, जिसकी गिरफ्त में देश की युवा पीढ़ी आ रही है। व्यापारियों ने इस बंद के माध्यम से अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। केमिस्ट एसोसिएशन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि सरकार और संबंधित विभागों ने उनकी मांगों का जल्द ही कोई उचित समाधान नहीं निकाला, तो आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और अधिक उग्र और राष्ट्रव्यापी रूप दिया जाएगा। बंद के दौरान केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा शहर वाहन रैली निकालकर अपना विरोध जताया ।




# जल गंगा संवर्धन अभियान और ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

- कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने दिए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य और योजनाओं के भौतिक सत्यापन के निर्देश

**धार। कलेक्टर राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जल गंगा अभियान एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आने वाले सभी 12 विभाग अभियान की समाप्ति से पहले निर्धारित लक्ष्यों और गतिविधियों को अनिवार्य रूप से पूरा करें। उन्होंने विशेष रूप से जोर देकर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को इनका त्वरित लाभ मिल सके ।विभागीय समीक्षा के क्रम में पीएचई (क्क॥श्व) विभाग द्वारा नल-जल योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके तहत जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 80 प्रतिशत सफलता हासिल कर ली गई है। इस पर कलेक्टर ने केवल कागजी आंकड़ों पर निर्भर न रहकर धरातल पर फिजिकल निरीक्षण और रैंडम वेरिफिकेशन (भौतिक सत्यापन) करने के कड़े निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों को नल-जल योजनाएं हैंडओवर (सौंपी) की जा चुकी हैं, वहां संबंधित जनपद पंचायत सीईओ नियमित रूप से मॉनिटरिंग और समीक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में पेयजल आपूर्ति की जमीनी हकीकत जानने के लिए जब जनपद सीईओ से फीडबैक लिया गया, तो सदारनपुर सीईओ ने बताया कि उनके क्षेत्र के गांवों में सुचारू रूप से पानी की सप्लाई की जा रही है, जबकि कुछ अन्य पंचायतों में आंशिक रूप से पानी पहुंचने की बात सामने आई, जिस पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

> बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल सात परियोजनाएं संचालित हैं, जिनमें से तीन मुख्य परियोजनाएं हैं। इनमें से राजोद परियोजना में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि बाग और रिंगनोद परियोजनाएं अभी ट्रायल रन (परीक्षण) पर हैं। जब कलेक्टर ने जल के मुख्य स्रोत के संबंध में जानकारी ली, तो जल जीवन मिशन के अधिकारी ने अवगत कराया कि इन परियोजनाओं में माही डैम (बांध) से पानी लाया जाएगा। इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पेयजल का वितरण पूरी तरह से ग्रामीणों की आवश्यकता और मांग के अनुसार ही किया जाए ।इसके अतिरिक्त, बैठक में श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित संबल योजना, अनुग्रह सहायता और प्रधानमंत्री मानधन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। साथ ही लोकसेवा केंद्र, राज्य आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायती राज, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (क्रश्वस्) विभाग के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए कलेक्टर श्री मीना ने सभी विकास कार्यों और जनहित योजनाओं में तेजी लाने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



# मनावर मुक्तिधाम में नए दाहगृह स्थल का उद्घाटन

**मनावर ।** अल्ट्राटेक निराला उपाध्यक्ष मानव वेलफेयर फाउंडेशन धार द्वारा मनावर नगर के लिए मुक्तिधाम पर तीन स्टैंड वाले दाह ग्रह स्थल का निर्माण करीब 20 लाख की लागत से करवा कर मनावर की जनता को बड़ी सौगात दी। 19 मई मंगलवार को अल्ट्राटेक कंपनी के क्लस्टर हेड विजय छाबड़ा के निर्देशन में यूनिट हैड नितेश संसाधन राजेश जैन सी एस आर प्रमुख विपिन सक्सेना आदि की उपस्थिति में उद्घाटन किया।



## एक नजर में

### ध्वजारोहण-वंदे मातरम् से हुई शुरूआत, भाजपा के बारे में दी जानकारी

# भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग कुक्षी में शुरू, ई-रिक्शा से पहुंचे अतिथि

**कुक्षी।** भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिला द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग सत्र के प्रथम दिवस शुभारम्भ ध्वजारोहण, वंदे मातरम् के गायन एवं दीप प्रज्वलन के साथ सत्र के प्रथम दिवस वृंदावन गार्डन में हुआ। इस दौरान एक अनोखी पहल देखने को मिली, जब अतिथि ई-रिक्शा में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

भाजपा धार जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने स्वागत भाषण देते हुए उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के महत्व और इसकी आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। सांसद डॉ. गजेंद्र पटेल उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बड़वानी-खरगोन सांसद डॉ. गजेंद्र पटेल ने कहा कि मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं केवल कागजी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इनका मुख्य उद्देश्य जनकल्याण और समाज का सशक्तीकरण है। उन्होंने कहा की जिम्मेदार नागरिक बनना हमारा उद्देश्य जनता को केवल लाभार्थी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें देश का जिम्मेदार और भागीदार नागरिक बनाना है ।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास% के मूलमंत्र के साथ समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है ।जिससे समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हर कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है।







> द्वितीय सत्र में अध्यक्षता मीसा बंदी भारत महाजन ने किया द्वितीय सत्र में पूर्व प्रदेश सहसंयोजक अनंत पवार ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कार्यकर्ता विकास संभावना और अपेक्षाओं मार्गदर्शन करते हुए कहा. संगठन का स्तंभ कार्यकर्ता है भाजपा में हम कार्यकर्ता को संगठन के साधन के रूप में न मानते हुए उसे विकसित राष्ट्र के संकल्प के रूप में देखते हैं सामूहिक रूप से कार्य करने वाला कार्य को बढ़ाने वाला कार्य को क्षेत्र में विस्तार और विकास करने वाला गुणगान सक्षम समर्पित सक्रिय कार्यकर्ता निर्माण ही हमारे कार्य का आधार है।